हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 14 जनवरी 2026, समय 13:05(5 मिनट)

भारतीय सेना के जवानों ने कल शाम जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पार करके भारतीय क्षेत्र में घुसे कई संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोनों पर गोलीबारी की। सेना ने जम्मू में बताया कि ड्रोन मांजकोट सेक्टर में कुछ देर मंडराने के बाद पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर लौट गए। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के भारतीय सैन्य कार्रवाई से जुड़े बयान के बाद ये नई घटनाएं सामने आईं हैं। श्री द्विवेदी ने कहा था कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक के सामने पाकिस्तानी ड्रोनों का मामला उठाया है। पिछले तीन दिनों में जम्मू सेक्टर के सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तानी को देखे जाने की बात गंभीरता से रखी गई है।

हरियाणा पुलिस ने यूट्यूब, स्पॉटिफाई, अमेज़न म्यूज़िक, गाना और जियो सावन जैसे प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध 67 आपत्तिजनक गीतों पर कार्रवाई की है। जिसके बाद अधिकांश डिजीटल कन्टेंट या हटा दिया गया है या ब्लॉक कर दिया गया। हरियाणा पुलिस के महानिदेशक अजय सिंघल ने कहा कि आने वाले समय में इस दिशा में और भी सख्ती देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस के विशेष कार्य बल व साइबर युनिट साइबर टीमों द्वारा की गहन जांच में पाया गया था कि गैंगस्टरों को महिमामंडित करते ऐसे गीत युवाओं को अपराध की ओर आकर्षित करते हैं और गिरोह संस्कृति व हथियारों की हिंसक छवि को बढ़ावा देते हैं। पुलिस महानिदेशक ने इस कार्रवाई को युवाओं और समाज के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि हरियाणा

पुलिस का लक्ष्य केवल अपराध रोकना नहीं, बल्कि युवाओं को अपराध की दुनिया में कदम रखने से भी बचाना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस की स्पष्ट नीति है कि किसी भी प्लेटफॉर्म पर ऐसा कंटेंट बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कलाकारों और कंटेंट क्रिएटर्स से अपील की कि वे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को समझें और ऐसा कंटेंट न बनाएं जो युवा पीढ़ी को गलत दिशा में ले जाए।

उतर भारत में पड़ रही घनी धुंध के कारण रेलगाड़ियां देरी से चल रही हैं।

अंबाला से हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत, सहित अनेक रेलगाड़ियां देरी से पहुंची। अमृतसर जाने वाली जयनगर- अमृतसर स्पेशल 4 घंटे, जमुतवी से पुणे जाने वाली झेहलम एक्सप्रेस, अमृतसर जाने वाली कटिहार -अमृतसर एक्सप्रेस और डा अंबेडगर नगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली मालवा एक्सप्रेस 2 घंटे की देरी से चल रही है। इसी तरह फिरोजपुर - दिल्ली एक्सप्रेस और अमृतसर से नांदेड़ साहिब जाने वाली सचखंड एक्सप्रेस भी लगभग 2 घंटे और अमृतसर से सहरसा जाने वाली गरीबरथ लगभग 1 घंटा 30 मिनट की देरी से चल रही है।

हरियाणा पशुपालन विभाग ने पाले और कड़ाके की ठंड को देखते हुए पशुधन की देखभाल के लिए एडवाइजरी जारी की है। पशुधन विभाग की निदेशक डॉ पुनीता गहलावत ने आकाशवाणी के साथ विशेष बातचीत में बताया कि मौसम परिवर्तन को देखते हुए विभाग द्वारा पत्र लिखकर पूरे प्रदेश के सभी अधिकारियों को पशुओं की देखरेख के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।उन्होंने कहा कि शीत घात के दौरान पशुओं को ठंडी हवाओं से सीधे संपर्क से बचाने और उनके चारे का ध्यान रखने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि सर्दी में पशुओं की शरीर की गर्मी बनाने के लिए ऊर्जा-पूर्ण आहार देना ज़रूरी है।ठंड के मौसम में पशुओं को प्यास, यूरिनरी या पाचन समस्या हो सकती है। इसलिए दिन में कम-से-कम 2-3 बार गुनगुना पानी दें। पशुओं की देखरेख के लिए जिला व खंड स्तर पर ही अस्पताल नहीं बलिक गांवों में पशु डिस्पेंसरी तथा मोबाइल डिस्पेंसरी की सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रदेश के पशुधन के उपचार के लिए 24 घंटा सेवा देने के लिए 1962 नंबर भी जारी किया हुआ है। पशुपालकों को उस क्षेत्र में होने वाली पशु बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

अग्निवीर योजना और स्थाई श्रेणी के तहत 2025-2026 की सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा पास कर चुके उम्मीदवारों के लिए 28 जनवरी से 12 फरवरी के बीच भिवानी के भीम स्टेडियम में शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। चरखी दादरी के सेना भर्ती कार्यालय ने कहा है कि अग्निवीर श्रेणी, अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर टेक्निकल, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन में सामान्य प्रवेश परीक्षा पास कर चुके उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। जून 2025 में जिन प्रार्थियों ने सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे प्रार्थी ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एन ई सी डॉट इन से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। शारीरिक दक्षता और मापदंड परीक्षा में पास होने वाले प्रार्थियों को अगले चरण में शामिल किया जाएगा।